प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.03.2026/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि कृषि, विशेषकर कृषि–खाद्य प्रणालियों में कार्यरत महिलाओं को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में कृषि–खाद्य प्रणाली 2026 में महिलाओं की भूमिका पर वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत ने महिला नेतृत्व वाली विकास रणनीति अपनाई है और कृषि क्षेत्र में महिलाओं को नीति निर्माण, निर्णय लेने व नेतृत्व पदों में भूमिका मिलनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि इस क्षेत्र में सभी स्तरों पर महिलाओं की अधिक भागीदारी से लैंगिक समानता को ध्यान में रखते हुए कृषि विकास को बढ़ावा मिलेगा।

जन आरोग्य योजना

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2024–25 के दौरान कुल 86 हज़ार 93 मरीजों का उपचार किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री, प्रताप राव जाधव ने राज्यसभा सांसद, इंदु बाला गोस्वामी के एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि इस दौरान योजना के तहत मंडी ज़िले में सर्वाधिक और लाहौल स्पीति ज़िले में सबसे कम मरीजों का उपचार किया गया। प्रताप राव जाधव ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत इस वर्ष 28 फरवरी तक हिमाचल में 45 हजार सात सौ 68 आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

सुरेश कश्यप

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया है कि परवाणु–शिमला फोरलेन परियोजना के विभिन्न चरणों में कार्य प्रगति पर है और कई महत्वपूर्ण हिस्सों में काम पूरा भी हो चुका है। लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप द्वारा पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में उन्होंने संसद में ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि परियोजना के विभिन्न हिस्सों के लिए हजारों करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है और अलग–अलग चरणों में कार्य जारी है। नितिन गडकरी ने ये भी बताया कि वर्ष 2023 और 2025 में हुई भारी वर्षा, भूस्खलन और कुछ स्थानों पर डंपिंग साईट की उपलब्धता की समस्या के चलते परियोजना के कार्य में देरी भी हुई है।

किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 13 मार्च को असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से लगभग 9 करोड़ 32 लाख किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 6 सौ 40 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब तक किसानों को 4 लाख 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है।

मौसम

प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर आज सुबह हल्का हिमपात जबकि निचले क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा हुई है। चंबा ज़िला के जनजातीय क्षेत्र पांगी और भरमौर की ऊंची चोटियों पर सुबह से रूक–रूक कर हल्की बर्फबारी हो रही है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि खराब मौसम के दृष्टिगत लोगों को ऊंचाई वाले इलाकों व नदी–नालों के करीब न जाने की सलाह दी गई है।

इधर, राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में बादल छाए हुए है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में आज अंधड़ व बिजली कड़कने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी चेतावनी दी है।

लोक अदालत

प्रदेश उच्च न्यायालय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्तवाधान में 14 मार्च को राज्य के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में निपटारे के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा अभी तक लगभग 82 हजार मामलों की पहचान की गई है। इस दौरान ट्रैफिक मैजिस्ट्रेट के न्यायालयों में एम.वी. चालान मामलों में ई–कोर्ट डिजिटल के माध्यम से कंपाउंडिंग शुल्क के भुगतान की ऑनलाईन सुविधा प्रदान की गई है।

———————————————